दैनिक भास्कर 03/05/2023

# जीएमएन कॉलेज की वर्षगांठ पर हेल्थ कैंप में 360 ने करवाई स्वास्थ्य जांच



कैंट के जीएमएन कॉलेज में हेल्थ कैंप में जांच करते डॉक्टर।

**भास्कर न्यूज | अम्बाला**

जीएमएन कॉलेज की वर्षगांठ के उपलक्ष्य में एनसीसी यूनिट ने मेगा हेल्थ चेकअप कैंप लगाया। मुख्यातिथि कमांडिंग अफसर कर्नल संजीव कुमार, एडम अफसर कर्नल प्रेम सिंह मौजूद थे। कैंप में 360 लोगों ने अपनी स्वास्थ्य जांच कराई। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि आज की व्यस्त जीवन शैली में कहीं न कहीं स्वास्थ्य के लिए जरूरी उपायों की अनदेखी की जा रही है, जो सही नहीं है। आंतरिक चिकित्सा विभाग के डॉ. ईशान वंदन व कार्डियो स्पेशलिस्ट डॉ. महजूबा रोशन मजूमदार ने अपनी सेवाएं दी। स्टाफ व छात्रों के स्वास्थ्य की जांच कर परामर्श दिया। एनसीसी बॉयज विंग के इंचार्ज कैप्टन डॉ. एसएस नैन, एनसीसी गर्ल्स विंग की इंचार्ज डॉ. अनुपमा सिहाग मौजूद रहे। कैंप में ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, ईसीजी पीएफटी टेस्ट, बीएमडी सहित अन्य टेस्ट निशुल्क किए गए।